20-01-2021

डेजर्ट नाइट -21 युद्वाभ्यास

प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. 20 से 24 तारीख के दरम्यान, भारतीय वायु सेना और फ्रांसीसी वायु सेना के बीच जोधपुर वायु सेना स्टेशन में डेजर्ट नाइट-21 युद्वाभ्यास का आयोजन किया जाएगा।
2. यह अभ्यास अद्वितीय है, क्योंकि इसमें दोनों पक्षों द्वारा राफेल विमानों को शामिल किया जा रहा है।

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(A) केवल 01 (B) केवल 02
(C) 01 और 02 (D) कोई नहीं

(C) 01 और 02

भूमिका :- हाल ही में भारतीय वायु सेना और फ्रांसीसी वायु सेना के बीच डेजर्ट नाइट-21 युद्धभ्यास होने की घोषणा की गई है।

परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-

- 20 से 24 तारीख के दरम्यान, भारतीय वायु सेना और फ्रांसीसी वायु सेना के बीच जोधपुर वायु सेना स्टेशन में डेजर्ट नाइट-21 युद्वाभ्यास का आयोजन किया जा रहा है।
- फ्रांस की तरफ से राफेल, एयरबस ए-330 मल्टी-रोल टैंकर ट्रांसपोर्ट ए-400 एम सामरिक परिवहन विमान आदि को शामिल होने की संभावना हैं। वही भारत की और से मिराज-2000, एसयू-30 एमकेआई, राफेल, आईएल,-78 फ्लाइट रिफ्यूलिंग एयरक्राफ्ट, एडब्ल्यूएसीएस और एईडब्ल्यू एंड सी विमान शामिल होंगे।
- यह अभ्यास अद्वितीय है, क्योंकि इसमें दो पक्षों राफेल विमानों को शामिल किया जा रहा है।
- डेजर्ट नाइट-21 युद्वाभ्यास यह भी उल्लेखित करता है, कि दोनों देशों की सेनाओं के बीच किस प्रकार निकटता बढ़ रही है।
- दोनों देशों की सेनाओं परस्पर एक दूसरे का सहयोग करती है। दोनों देशों की सेनाओं के मध्य सैनिक अभ्यास वरूण, नौसैनिक अभ्यास गरूड़, वायु सेना का अभ्यास संयुक्त सैन्य अभ्यास का आयोजन किया जाता है।

भारत में 5-जी प्रौद्योगिकी

प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. 5-जी तकनीक, मोबाइल ब्रॉडबैंड की अगली पीढ़ी हैं।
2. भारत की राष्ट्रीय संचार नीति 2018 में 5-जी के महत्व पर प्रकाश डाला गया है।
3. रिलायंस जियो की योजना इस साल की शुरूआत में देश के लिए स्वदेश निर्मित 5-जी नेटवर्क शुरू करने की है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(A) केवल 01 (B) केवल 02

(C) केवल 03 (D) उपरोक्त सभी

(D) उपरोक्त सभी

भूमिका :- हाल ही में दूरसंचार विभाग द्वारा अगामी 10 वर्षों के लिए 5-जी बैंड सहित रेड़ियों फ्रीक्वेंसी स्पेक्ट्रम की ब्रिकी और उपयोग के संबंध में दूरसंचार कंपनियों और अन्य उद्योग विशेषज्ञों से राय मांगी गयी है।

परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-

- 5-जी तकनीक, मोबाइल ब्रॉडबैंड की अगली पीढ़ी है। यह तकनीक अंततः 4G LTE कनेक्शन को प्रतिस्थापित करेगी या इसमें महत्वपूर्ण वृद्धि करेगी।
- 5-जी तकनीक से डाउनलोड़ गति में चरघातांकी तरीके से तेजी आएगी।
- 5-जी मल्टी जीबीपीएस ट्रांन्सफर रेट, अत्याधिक कण विलंबता, भारी क्षमता और उपयोगकर्ताओं के लिए अधिक समान अनुभव प्रदान करेगा।
- दूरसंचार क्षेत्र की सभी तीनों खिलाड़ी, रिलायंस जिओ इंफोकॉम, भारतीय एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया, दूरसंचार विभाग (DOT) से स्पेक्ट्रम आवंटन और 5-जी फ्रीक्वेंसी बैंड के लिए एक स्पष्ट रूपरेखा बनाने का आग्रह कर रहा हैं। कर रहे हैं, ताकि वे अपनी सेवाओं के अनुसार अपनी कार्य-योजना बना सके।
- हालांकि, एक सबसे बड़ी बाधा, इन तीनों में दो कंपनियों, भारतीय एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया के पास पूंजी की कमी है। दूसरी और, रिलायंस जियो की योजना इस साल की शुरूआत में देश के लिए स्वदेशा निर्मित 5-जी नेटवर्क शुरू करने की है।
- सरकारों से ज्यादा वैश्विक दूरसंचार कंपनियों द्वारा 5-जी नेटवर्क का निर्माण शुरू किया जा रहा है, और अपने ग्राहकों के लिए परीक्षण के आधार पर चालू कर दिया गया है। अमेरिका जैसे देशों में AT,&T टी-मोबाइल और वेरिजोन जैसी कंपनियों ने अपने उपयोगकर्ताओं के लिए वाणिज्यिक 5-जी को शुरू करने में अग्रणी भूमिका निभा रही है।
- भारत की राष्ट्रीय डिजिटल संचार नीति 2018 में 5-जी के महत्व पर प्रकाश डाल गया है, जिसमें कहा गया है, कि एक वृद्धिशील स्टार्ट-अप समुदाय सहित 5-जी क्लाउड, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IOT) और डेटा एनालिटिक्स, अवसरों के एक क्षितिज को खोलने तथा डिजिटल जुडाव को तीव्र एवं गहन करने का वादा करता है।

गवि गंगाधरेश्वर मंदिर

प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह मंदिर कर्नाटक के बेंगलूरू में स्थित है।
2. खगोल आधारित वास्तुकला: विजयनगर शैली में निर्मित इस मंदिर में अद्वितीय खगोलिय रॉक कट वास्तुकला का उपयोग किया गया है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(A) केवल 01 (B) केवल 02

(C) 01 और 02 (D) कोई नहीं

(C) 01 और 02

भूमिका :- आसमान में बादल घिरे होने के कारण गवि गंगाधरेश्वर मंदिर में इस वर्ष सूर्य भज्जना नामक वार्षिक घटना प्रभावित है।

परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-

- यह मंदिर कर्नाटक के बेंगलुरू में स्थित है। इस मंदिर का नाम स्थलाकृतिक विशेषताओं और पौराणिक कथाओं के संयोजन के आधार पर रखा गया है, गवि (गुफा) और गंगाधरेश्वर शिव का अर्थ है, ऐसे भगवान जो गंगा को धारण करते है। ऐसा माना जाता है, कि इसके वर्तमान स्वरूप का निर्माण के केम्पेगौड़ा प्रथम ने करवाया था।
- खगोल आधारित वास्तुकला : विजयनगर शैली में निर्मित इस मंदिर में अद्वितीय खगोलिय रॉक कट वास्तुकला का उपयोग किया गया है, जिसके कारण हर वर्ष मकर संक्रांति के अवसर पर यहाँ सूर्य महायज्ञ का आयोजन होता है।
- सूर्य : भज्जनाः हर वर्ष मकर संक्रांति के अवसर पर सूर्य की किरणे गुफा (गेवि) में स्थित शिवलिंग पर गिरती है, जिसकी वजह से शिवलिंग दस मिनट तक चमकता है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS